**Registration No:** **SET 1**

# ALL KERALA COMMON MODEL EXAMINATION

## HINDI- COURSE B (085)

## CLASS X (2023-24)

**Time Allowed :** 180 mins **Maximum Marks :** 80

**General Instructions:**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं । दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| | **खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (अपठित गद्यांश)** | |
|---|---|---|
| 1 | **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** भारत की जलवायु में काफी क्षेत्रीय विविधता पाई जाती है। संपूर्ण विश्व आज जिस बड़ी समस्या से जूझ रहा है, वह है - जलवायु परिवर्तन। जलवायु परिवर्तन आज एक ऐसी विश्वस्तरीय समस्या का रूप ले चुका है, जिसके समाधान के लिए संपूर्ण विश्व को संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। सामान्य मौसमी अभिवृत्तियों में किसी विशेष स्थान पर होने वाले विशिष्ट परिवर्तन को ही जलवायु परिवर्तन कहते हैं। मौसम में अचानक परिवर्तन, फसल - चक्र का परिवर्तित होना, वनस्पतियों की प्रजातियों का लुप्त होना, तापमान में वृद्धि, हिमनदों का पिघलना और समुद्र जल - स्तर में लगातार वृद्धि ऐसे सूचक हैं, जिनसे जलवायु परिवर्तन की परिघटना का पता चलता है।हिमनदों का पिघलना जलवायु परिवर्तन का सबसे संवेदनशील सूचक माना जाता है। पृथ्वी पर हिमनदों के लगातार कम होने तथा उनके स्तर के नीचे खिसकने से समुद्र के जल - स्तर में वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तन के पीछे कोई एक कारण नहीं है, किंतु वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा के निरंतर बढ़ते रहने को इसका सबसे बड़ा कारण माना जाता है। पृथ्वी पर आने वाली सौर ऊर्जा की बड़ी मात्रा अवरक्त किरणों के रूप में पृथ्वी के वातावरण से बाहर चली जाती है। इस ऊर्जा की कुछ मात्रा ग्रीन हाउस गैसों द्वारा अवशोषित होकर पुनः पृथ्वी पर पहुँच जाती है, जिससे तापक्रम अनुकूल बना रहता है। ग्रीन हाउस गैसों में मीथेन, कार्बन | **[5]** |

डाइऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड इत्यादि शामिल हैं। वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का होना अच्छा है, किंतु जब इनकी मात्रा बढ़ जाती है, तो तापमान में वृद्धि होने लगती है। इससे जो समस्या सामने आई है, उसे 'ग्लोबल वार्मिंग' अर्थात् 'वैश्विक तापवृद्धि' की संज्ञा दी गई है। वास्तव में, ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन का ही एक रूप है।

1. निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

   a. जलवायु परिवर्तन की समस्या

   b. ग्रीन हाउस का प्रभाव

   c. पृथ्वी का बढ़ता तापमान

   d. हिमनदों का पिघलना

   क) विकल्प (ii)

   ख) विकल्प (i)

   ग) विकल्प (iii)

   घ) विकल्प (iv)

2. गद्यांश में जलवायु परिवर्तन का सबसे संवेदनशील सूचक किसे माना जाता है?

   क) मौसम में परिवर्तन को

   ख) तापमान में वृद्धि को

   ग) हिमनदों के पिघलने को

   घ) समुद्र जल स्तर में वृद्धि को

3. वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा बढ़ जाने के फलस्वरूप किसकी समस्या उत्पन्न होती है?

   क) तापमान में वृद्धि की

   ख) वैश्विक प्रदूषण की

   ग) वैश्विक तापवृद्धि की

   घ) तापमान में कमी की

4. समुद्र के जल स्तर में वृद्धि होने का एक प्रमुख कारण क्या है?

   क) हिमनदों के स्तर का नीचे खिसकना

| | | |
|---|---|---|
| | ख) फसल चक्र में परिवर्तन होना<br><br>ग) सभी विकल्प सही हैं<br><br>घ) वनस्पति प्रजातियों का लुप्त होना<br><br>5. **कथन (A):** जलवायु परिवर्तन से वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है। **कारण (R):** ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में निरंतर वृद्धि तापमान को बढ़ा देती है।<br><br>क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br><br>ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।<br><br>ग) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है।<br><br>घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही असत्य हैं। | |
| 2 | **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** प्राचीनकाल से ही देशाटन ऋषियों - मुनियों और राजाओं को भी प्रिय रहा है। उस समय हवाई जहाज, ट्रेनें, बसें आदि सुविधाजनक वाहन नहीं होते थे। लोग घोड़ों पर बैठकर सवारी करते थे या पैदल ही यात्रा किया करते थे। प्राचीनकाल में लोग हजारों - हजारों मील पैदल यात्रा करते हुए एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुँच जाया करते थे। हाँ ! उसमें उनको काफी समय लग जाता था, परंतु उनको उस यात्रा में आनंद खूब आता था, साथ ही उन्हें उस इलाके की पूरी जानकारी भी प्राप्त हो जाती थी।पर्यटन द्वारा ज्ञान - प्राप्ति के साथ - साथ हमें सरस और सुरुचिपूर्ण मनोरंजन भी प्राप्त होता है। विभिन्न स्थानों, वनों पहाड़ों, नदी - तालाबों और सागर की उत्ताल तरंगों का अवलोकन कर पर्यटक झूम उठते हैं। पर्यटन हमें नयनाभिराम दृश्यों को देखने का अवसर देता है। पर्यटन हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हितकर है। जलवायु परिवर्तन से चित्त में सरसता और उत्साह का संचार होता है। इससे हम प्रसन्न मन:स्थिति में रहते हैं, जो हमारे उत्तम स्वास्थ्य की अनिवार्य शर्त है। देशाटन अथवा पर्यटन के दौरान अनेक कष्टों और कठिनाइयों का सामना करने पर जब हम उन्हें सुलझाने में सफल हो जाते हैं, तो हमें एक अद्भुत प्रसन्नता प्राप्त होती है। फलस्वरूप हमारे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। पर्यटन ने हमारे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को भी प्रभावित किया है। इससे विभिन्न राष्ट्रों में परस्पर निकटता बढ़ती है और व्यापारिक संबंध दृढ़ होते हैं। विकसित देशों के संपर्क ने विकासशील देशों की उन्नति को तीव्र गति प्रदान की है और अविकसित देशों के विकास में सहयोग देना आरंभ किया है। राष्ट्रों के पारस्परिक वैमनस्य और बैर को दूर करने में पर्यटन का योगदान महत्वपूर्ण हो सकता है।<br><br>1. पर्यटन से हमें क्या प्राप्त होता है?<br><br>क) इनमें से कोई नहीं<br><br>ख) ज्ञान - प्राप्ति के साथ सरस और सुरुचिपूर्ण मनोरंजन<br><br>ग) धन - लाभ | **[5]** |

घ) सामाजिक और राजनीतिक लाभ

2. पर्यटन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार हितकर है?

क) हमारे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है

ख) पर्यटन से चित्त में सरसता और उत्साह का संचार होता है

ग) सभी

घ) मन प्रसन्न रहता है

3. पर्यटन हमें किस प्रकार प्रभावित करता है?

क) राष्ट्रों में परस्पर निकटता बढ़तीहै

ख) सभी

ग) व्यापारिक संबंध दृढ़होते हैं

घ) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि होती है

4. विकसित देशों के संपर्क से क्या लाभ हुआ है?

क) इनमें से कोई नहीं

ख) विकासशील देश उन्नति के पथ पर गतिशील हुए हैं

ग) विकासशील देशों से गरीबी दूर हुई है

घ) विकासशील देशों की आर्थिक प्रगति कम हुई है

5. पर्यटन के सकारात्मक प्रभाव हैं -

a. सरस और सुरुचिपूर्ण मनोरंजन
b. चित्त में सरसता और उत्साह का संचार
c. आत्मविश्वास में वृद्धि
d. पारस्परिक वैमनस्य को बढ़ावा

क) कथन i, ii व iv सही हैं

ख) कथन ii सही है

ग) कथन ii, iii व iv सही हैं

| | | |
|---|---|---|
| | घ) कथन i, ii व iii सही हैं | |
| | **खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| 3 | **निर्देशानुसार 'पदबंध ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**<br>1.<br>**मेरी बेटी**<br>दिल्ली जा रही है। रेखांकित पदबंध का नाम है -<br>क) क्रिया पदबंध<br>ख) संज्ञा पदबंध<br>ग) सर्वनाम पदबंध<br>घ) विशेषण पदबंध<br>2. शैलेन्द्र ने राजकपूर की भावनाओं को<br>**शब्द दिए हैं**<br>। वाक्य में रेखांकित पदबंध है<br>क) सर्वनाम पदबंध<br>ख) क्रिया पदबंध<br>ग) संज्ञा पदबंध<br>घ) विशेषण पदबंध<br>3. **वे माँ से कहानी सुनते रहते हैं।** वाक्य में क्रिया - पदबंध है -<br>क) वे माँ से<br>ख) कहानी सुनते<br>ग) सुनते रहते हैं<br>घ) माँ से कहानी<br>4.<br>**विरोध करने वाले व्यक्तियों में से कोई** | [4] |

नहीं आया। - रेखांकित पद में कैसा पदबंध है?

क) विशेषण पदबंध

ख) संज्ञा पदबंध

ग) क्रिया पदबंध

घ) सर्वनाम पदबंध

5. उसका कुत्ता

**अत्यंत सुंदर**

और

**आज्ञाकारी**

है। - रेखांकित पद में कैसा पदबंध है?

क) संज्ञा पदबंध

ख) विशेषण पदबंध

ग) क्रिया पदबंध

घ) सर्वनाम पदबंध

4 **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **[4]**

1. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य की पहचान कीजिए -

क) मेरे समझाने पर वह मान गया।

ख) मैंने उसे समझाया और वह मान गया।

ग) मैंने उसे समझाया इसलिए वह मान गया।

घ) जब मैंने उसे समझाया, तब वह मान गया।

2. निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है -

a. मामाजी ने मुझे पढ़ाया ताकि सेना में भर्ती हो सकूँ।

b. मामाजी ने ज्यों ही मुझे पढ़ाया त्यों ही सेना में भर्ती हो गई।

c. मामाजी ने मुझे पढ़ाया और सेना में भर्ती कराया।

| | | |
|---|---|---|
| | d. सेना में भर्ती कराने हेतु मामाजी ने मुझे पढ़ाया।<br>क) विकल्प (i)<br>ख) विकल्प (iv)<br>ग) विकल्प (iii)<br>घ) विकल्प (ii)<br>3. तोता पिंजरे में बंद है और मिर्च खा रहा है। (सरल वाक्य)<br>क) मिर्च खा रहा है तोता, क्योंकि वह पिंजरे में बंद है।<br>ख) पिंजरे में बंद तोता मिर्च खा रहा है।<br>ग) जो तोता पिंजरे में बंद है, वह मिर्च खा रहा है।<br>घ) क्योंकि तोता पिंजरे में बंद है, इसलिए वह मिर्च खा रहा है।<br>4. **मेरे चाहने के अनुसार सब कुछ हो रहा था।** वाक्य का मिश्र वाक्य में रूप होगा -<br>क) मेरे चाहने पर ही सब कुछ हो रहा था।<br>ख) सब कुछ हो रहा था, वो भी मेरे चाहने के अनुसार।<br>ग) मैं जैसा चाह रहा था, वैसा ही सब कुछ होता जा रहा था।<br>घ) मेरे अनुसार ही सब कुछ हो रहा था।<br>5. नौकरी मिल जाने पर भी मैं पढ़ता रहता हूँ। (मिश्र वाक्य)<br>क) नौकरी मिल गई तो क्या फिर भी मैं पढ़ता रहता हूँ।<br>ख) मुझे नौकरी मिल गई फिर भी मैने पढ़ना नहीं छोड़ा।<br>ग) नौकरी मिल जाने पर भी पढ़ाई करते रहना चाहिए।<br>घ) यद्यपि मुझे नौकरी मिल गई है तथापि मैं पढ़ता रहता हूँ। | |
| 5 | **निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**<br>1. **विद्याधन** में कौन - सा समास है?<br>क) अव्ययीभाव<br>ख) बहुव्रीहि | **[4]** |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) कर्मधारय<br>घ) तत्पुरुष<br>2. लोग<br>**नवग्रह**<br>की पूजा करते हैं। रेखांकित शब्द का समास का भेद बताइए -<br>क) द्वंद्व<br>ख) बहुव्रीहि<br>ग) तत्पुरुष<br>घ) द्विगु<br>3. **यथासमय** समस्त पद में कौन - सा समास है?<br>क) द्विगु<br>ख) बहुव्रीहि<br>ग) अव्ययी भाव<br>घ) द्वंद्व<br>4. **तताँरा और वामीरो** समस्त पद में समास है -<br>क) द्विगु<br>ख) तत्पुरुष<br>ग) द्वंद्व<br>घ) कर्मधारय<br>5. **दूध - दही** में कौन - सा समास है?<br>क) द्विगु<br>ख) अव्ययीभाव<br>ग) द्वंद्व<br>घ) तत्पुरुष | |
| 6 | **निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर** | **[4]** |

| | | |
|---|---|---|
| | **दीजिए -**<br><br>1. नीरज चोपड़ा द्वारा ओलिम्पिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर देश की ______। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए:<br><br>क) छाती फैल जाना<br><br>ख) आँखें नम हो जाना<br><br>ग) लॉटरी लग जाना<br><br>घ) खुशी का ठिकाना न रहना<br><br>2. अमीर होने के बाद श्याम ने अपने बूढ़े माता - पिता को ______ की तरह बाहर निकल फेंका।<br><br>क) ख़राब दूध<br><br>ख) बेकार दूध<br><br>ग) दूध की मक्खी<br><br>घ) दूध के मच्छर<br><br>3. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:<br><br>a. हेकड़ी दिखाना - घमंड दिखाना<br><br>b. ठंडा पड़ना - शांत होना<br><br>c. सिर फिरना - अस्वस्थ होना<br><br>d. बाट जोहना - प्रतीक्षा करना<br><br>उपर्युक्त युग्मों में से कौन - सा/कौन - से युग्म, गलत सुमेलित है/हैं?<br><br>क) (I) और (II)<br><br>ख) केवल (II)<br><br>ग) (III) और (IV)<br><br>घ) केवल (III)<br><br>4. विद्यार्थी को केवल ______ नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वस्थ शरीर और उन्नत मस्तिष्क वाला होनहार युवक होना है। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -<br><br>क) पुस्तकका कीड़ा होना | |

| | | |
|---|---|---|
| | ख) पैरों पर खड़ा होना<br>ग) किताबीकीड़ा होना<br>घ) किताब में मग्न होना<br>5. कलम तोड़ना मुहावरे का अर्थ है -<br>क) बहुत मेहनत करना<br>ख) भद्दी चीजें लिखना<br>ग) बहुत सुंदर लिखना<br>घ) क्रोध दिखाना<br>6. निम्नलिखित में से **धोखा देना** अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा पहचान कर लिखिए:<br>क) आँखों में आँसू आना<br>ख) आँखों में धूल झोंकना<br>ग) घर से बेघर करना<br>घ) अंधे के हाथ बटेर लगना | |
| | **खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (काव्य खंड)** | |
| 7 | **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी। उशीनर - क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया, सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर - चर्म भी दिया। अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे? वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।<br>1. रंतिदेव कौन थे?<br>क) सेनापति<br>ख) एक दानी राजा<br>ग) ऋषि<br>घ) महाराजा<br>2. कबूतर को बचाने के लिए राजा शिवि ने क्या किया?<br>क) इनमें से कोई नहीं<br>ख) अपना भोजन दान दिया | **[5]** |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) अपना राज्य दान किया<br>घ) अपने मांस का दान दिया<br>3. किसने अपने कवच - कुंडल दान में दिए?<br>क) रंतिदेव ने<br>ख) राजा शिवि ने<br>ग) दधीचि ने<br>घ) कुंती पुत्र कर्ण ने<br>4. वास्तव में असली मनुष्य किसको माना है?<br>क) जो परोपकारी भाव रखता है।<br>ख) जो अपने लिए जीता है।<br>ग) जो दूसरों की चिंता करता है।<br>घ) जो संसार को त्यागकर तपस्वी बन जाता है।<br>5. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -<br>a. कर्ण ने अपने कवच का दान कर दिया था।<br>b. दधीचि ने अपनी अस्थियों का दान कर दिया था।<br>c. कर्ण ने अपने शरीर का चर्मऔर मांस का दान कर दिया था।<br>d. गंधार देश के राजा ने अपनी सारी संपत्ति दान कर दी थी।<br>e. रंतिदेव एक परम दानी राजा था।<br>पद्यांश के अनुसार उपरोक्त वाक्यों में से कौन सही नहीं है -<br>क) (iv), (v)<br>ख) (i), (ii)<br>ग) (i), (ii), (v)<br>घ) (iii), (iv) | |
| 8 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।** | **[2]** |

| | | |
|---|---|---|
| | 1. **कर चले हम फ़िदा** कविता में कवि ने **साथियों** का संबोधन किसके लिए किया है?<br><br>क) अपने बच्चों के लिए<br><br>ख) अपने परिवार वालों के लिए<br><br>ग) भारतीयों के लिए<br><br>घ) अपने मित्रों के लिए<br><br>2. मीराबाई कृष्ण के दर्शन किस समय करना चाहती है?<br><br>क) दोपहर<br><br>ख) आधी रात के समय<br><br>ग) संध्या के समय<br><br>घ) प्रातःकाल | |
| | **खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (गद्य खंड)** | |
| 9 | **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसी - ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे - ऐसे सूक्ति - बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े - टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती। इस तरह जान तोड़कर मेहनत करने की शक्ति में अपने में न पाता था और उस निराशा में जरा देर के लिए में सोचने लगता - 'क्यों न घर चला जाऊँ। जो काम मेरे बूते के बाहर है, उसमें हाथ डालकर क्यों अपनी जिंदगी खराब करूँ।'मुझे अपना मूर्ख रहना मंजूर था, लेकिन उतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था, लेकिन घंटे - दो घंटे के बाद निराशा के बादल फट जाते और मैं इरादा करता कि आगे से खूब जी लगाकर पढ़ूँगा। चटपट एक टाइम - टेबिल बना डालता।<br><br>1. भाई साहब किस कला में निपुण थे?<br><br>क) चित्रकला में<br><br>ख) नृत्यकला में<br><br>ग) उपदेश कला में<br><br>घ) संगीत कला में<br><br>2. लेखक की हिम्मत क्यों टूट जाती थी?<br><br>क) असफल होने पर<br><br>ख) पढ़ाई में अरुचि होने के कारण | **[5]** |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) खेल - कूद करने से<br><br>घ) कटु और तीक्ष्ण उपदेशरूपी व्यंग्य - बाण सुनकर<br><br>3. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। **कथन (A):** भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण नहीं थे। **कारण (R):** छोटा भाई उनकी बातों पर विशेष ध्यान नहीं देता था।<br><br>क) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।<br><br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।<br><br>ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br><br>घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।<br><br>4. गद्यांश में **मैं** शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?<br><br>क) बड़े भाई साहब के लिए<br><br>ख) लेखक के लिए<br><br>ग) पाठक के लिए<br><br>घ) श्रोता के लिए<br><br>5. घंटे - दो घंटे बीत जाने के बाद लेखक क्या करता?<br><br>क) घर चला जाता<br><br>ख) एक टाइम - टेबिल बनाता<br><br>ग) निराशा से बाहर होता है<br><br>घ) जी लगाकर पढ़ता | |
| 10 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**<br><br>1. राजकपूर ने **तीसरी कसम** के लिए कितना पारिश्रमिक माँगा?<br><br>क) एक रूपया<br><br>ख) इनमें से कोई नहीं<br><br>ग) दस रूपया | **[2]** |

| | | |
|---|---|---|
| | घ) सौ रूपया<br><br>2. तताँरा के पासा गाँव में किसका आयोजन हुआ?<br><br>क) तलवार बाजों का<br><br>ख) राष्ट्रीय पर्व का<br><br>ग) सांस्कृतिक मेले का<br><br>घ) पशु पर्व का | |
| | **खंड - ब वर्णनात्मक प्रश्न (पाठ्य पुस्तक)** | |
| 11 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:**<br><br>1. जब से कानून भंग काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी। यहाँ पर कौन और किसके द्वारा लागू किए गए कानून को भंग करने की बात कही गई है? क्या कानून भंग करना उचित था? डायरी का एक पन्ना पाठ के संदर्भ में अपने विचार प्रकट कीजिए।<br><br>2. सच्चे देशभक्त में कौन - कौन से गुण होने चाहिए? कारतूस पाठ के संदर्भ में बताइए।<br><br>3. लेखक ने जापानियों के दिमाग में स्पीड का इंजन लगने की बात क्यों कही है? **झेन की देन** के आधार पर बताइए। | **[6]** |
| 12 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:**<br><br>1. कंपनी बाग़ में रखी तोप के विषय में विस्तार से बताइए।<br><br>2. **आत्मत्राण** कविता के अनुसार कवि को ईश्वर के अतिरिक्त और किस पर भरोसा है और क्यों?<br><br>3. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है। कविता में किए गए मानवीकरण अलंकार के प्रयोग को सोदाहरण समझाइए। | **[6]** |
| 13 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:**<br><br>1. वर्तमान समय में हरिहर काका जैसे वृद्ध व्यक्तियों के प्रति युवा पीढ़ी का क्या कर्तव्य है? पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।<br><br>2. नई श्रेणी में जाने और नई कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था? सपने के - से दिन पाठ के आधार पर लिखिए।<br><br>3. बच्चे प्यार के भूखे होते हैं। वे उसी के बनकर रह जाते हैं जिनसे उन्हें प्यार मिलता है। टोपी को इफ्फन की दादी से जो प्यार मिला, वो उसे अपने घर में नौकरानी सीता के अलावा किसी से नहीं मिला।उपरोक्त कथन से आप कितना सहमत हैं? इफ्फ़न और | **[6]** |

| | | |
|---|---|---|
| | उसकी दादी के संबंधों के आलोक में स्पष्ट कीजिए। | |
| | **खंड - ब वर्णनात्मक प्रश्न (लेखन)** | |
| 14 | **समय होत सबसे बलवान** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।<br>संकेत बिंदु:<br>• समय/काल का महत्त्व<br>• सुख - दुख का आवागमन<br>• समय की बारीकी को समझना और उसके अनुसार कार्य करना<br>• बुरे समय में भी हार न मानना<br>**अथवा**<br>**आलस्य : मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।<br>• आलस्य और मनुष्य जीवन<br>• आलस्य के नुकसान<br>• सफलता पाने के लिए आलस्य को त्यागना आवश्यक<br>**अथवा**<br>**कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का दौर** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।<br>• कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है? कैसे काम करती है?<br>• वर्तमान में इसका प्रचार - प्रसार अधिक कैसे हुआ?<br>• इसके लाभ और खतरे, हमारे जीवन पर प्रभाव | **[5]** |
| 15 | अपने मोहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए नगर निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>वन - महोत्सव के अवसर पर वन विभाग द्वारा अनेक वृक्ष लगाए गए थे। उपेक्षा के कारण अब वे सूखते जा रहे हैं। इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक - पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए। | **[5]** |
| 16 | आप निवासी कल्याण संघ के/की अध्यक्ष/अध्यक्षा अमृत कौशल/अमृता रानी हैं। सोसायटी में | **[4]** |

| | | |
|---|---|---|
| | आयोजित होने वाले दिवाली मेले की जानकारी देते हुए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>आप विद्यालय के हैड बॉय/हैड गर्ल, देव/देविका हैं। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में एक विज्ञान - मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छात्रों द्वारा तैयार मॉडल और परियोजना - कार्य प्रदर्शित किए जाएँगे। सर्वश्रेष्ठ मॉडल और परियोजना कार्य को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस मेले से संबंधित जानकारी देते हुए एक सूचना लगभग **80** शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| 17 | आपके पिताजी अपनी पुरानी कार बेचना चाहते हैं। कार संबंधी सम्पूर्ण जानकारी देते हुए लगभग **60** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>**मोबाइल रिपेयर** नाम से सब प्रकार के मोबाइलों को ठीक करने का दावा करने वाली एक नहीं दुकान खुली है। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लिखिए। | **[3]** |
| 18 | **सत्संग का प्रभाव ...** विषय पर एक लघुकथा लिखिए।<br><br>**अथवा**<br><br>अपने प्रधानाचार्य abcschool@gmail.com को इमेल लिखिए जिसमें अन्य विद्यालय से फ़ुटबॉल मैच खेलने की अनुमति माँगी गई हो। | **[5]** |